विदेशों में हिंदी शिक्षण हेतु

मानक पाठ्यक्रम

ज्ञान शांति मैत्री

भाषा विद्यापीठ

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम क्रमांक 1997 का 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र)भारत
फोन : +91-7152-230084, फैक्स : +91-7152-230903
Mail ID : deansol.mgahv@gmail.com, **Website:** hindivishwa.org

अनुक्रम

कुलपति का संदेश	03
प्रस्तावना	04-08
पाठ्यक्रम-विवरण	
• अल्पावधि गहन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम	09-21
• आधार पाठ्यक्रम	22-26
• डिप्लोमा पाठ्यक्रम	27-32
• बी.ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति	33-55
• एम.ए.हिंदी	56-81

कुलपति का संदेश

आज हिंदी भारत और विश्व के अनेक देशों में केवल एक भाषा के रूप में ही नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और परम्परा को समझने के माध्यम के रूप में ध्यान आकृष्ट कर रही है। भारत देश के निर्माण और उसकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में हिंदी की विशिष्ट भूमिका रही है। आज जब संचार माध्यमों और बाजार का अप्रत्याशित विस्तार हो रहा है तब हिंदी का दायित्व और भी बढ़ गया है। अब यह अनुभव किया जा रहा है कि समाज के विभिन्न भागों को आपस में जोड़ने और उसके विकास के मार्ग को प्रशस्त करने की दृष्टि से अच्छी और समर्थ हिंदी आज की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथापि कई कारणों से अभी तक हिंदी का यथोचित विकास नहीं हो सका है। इस कमी को ध्यान में रख कर भारतीय संसद द्वारा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा की वर्ष 1997 में स्थापना की गयी। तभी से यह विश्वविद्यालय अध्ययन, शोध, प्रकाशन और संगोष्ठी आदि के द्वारा हिंदी के उन्नयन के लिए सतत यत्नशील है।

इस विश्वविद्यालय की संकल्पना भारत ही नहीं बल्कि विश्व-पटल पर हिंदी को एक प्रभावी और समर्थ भाषा के रूप में स्थापित करने के स्वप्न को ले कर की गयी थी। इस दृष्टि से विदेशी छात्रों के लिए हिंदी का अध्यापन विश्वविद्यालय का एक विशेष उत्तरदायित्व है। यह विश्वविद्यालय इस दिशा में लगभग एक दशक से सक्रिय है। इसे देखते हुए जोहांसबर्ग में 2012 में संपन्न हुए नवें विश्व हिंदी सम्मलेन में यह निर्णय लिया गया कि यह विश्वविद्यालय एक मानक पाठ्यक्रम तैयार करे। मुझे प्रसन्नता है कि प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल ने इस दायित्व का निर्वहन करते हुए विदेशी छात्रों के लिए हिंदी का बहुस्तरीय पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया है। विश्वविद्यालय इस कार्य में संलग्न विद्वानों के प्रति आभारी है जिन्होंने अपने योगदान से इस कार्य को संभव बनाया। आशा है इसके द्वारा एक महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी। इसे सुधारने के लिए सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी।

प्रो. गिरीश्वर मिश्र

प्रस्तावना

I

आज दुनियाभर के कई दर्जन विश्वविद्यालयों मे हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया के कारण विश्व बाजार और अनेक देशों में भी हिंदी के प्रति गहरी उत्कंठा और उन्मुखता का भाव दिखायी पड़ता है। हिंदी के प्रति इस बढ़ते रुझान में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रह रहे प्रवासी भारतीयों की बड़ी भूमिका है। जिन-जिन देशों/विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ी-पढ़ायी जाती है उनमें उनकी जरूरत के मुताबिक, अध्ययन के अलग-अलग स्तर हैं। लेकिन देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते पारस्परिक सहयोग को ध्यान में रखते हुए अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में भी संवाद बढ़ाने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम एक जैसे हों, पाठ्यक्रमों के स्तर भेद कम से कम हों और आधार पाठ्यसामग्री एक जैसी हो तो विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीच विभिन्न पाठ्यक्रमों को साझा किया जा सकेगा तथा विद्यार्थी और शिक्षकों की आवश्यकता के अनुसार आवा-जाही की प्रक्रिया सहज और सुचारु हो सकेगी। इसी पृष्ठभूमि में हिंदी के एक मानक पाठ्यक्रम का विचार उपस्थित हुआ।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सब की आवश्यकताओं का आकलन कर एक मानक हिंदी पाठ्यक्रम तैयार करना चुनौती भरा कार्य है। किसी एक व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह के लिए सभी देशों की परिस्थितियों का अनुभव अथवा उनकी जरूरतों का आकलन करना असंभव-सी कल्पना है। विभिन्न देशों में पाठ्यक्रमों के निर्माण, परीक्षा और मूल्यांकन के अलग-अलग मानक भी होते हैं। हर स्तर के पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु में काफी विविधता दिखती है। अनेक देशों के पाठ्यक्रम में हिंदी पाठ्यक्रम दैनंदिन जीवन, बोलचाल और बाजार की भाषा तक ही सीमित है। इसकी तुलना में हिंदी के सम्यक् और समर्थ भाषा रूप के प्रति आकर्षण अपेक्षाकृत कम है। प्रवासी भारतीय समूहों की भिन्न प्रकार की अपेक्षाएँ हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार के समर्थन से 9वें विश्व हिंदी सम्मेलन, जो 22-24 सितंबर 2012 जोहांसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित हुआ था, उसमें पारित चौथे संकल्प के अनुसार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा को विदेशों में हिंदी शिक्षण के लिए एक मानक पाठ्यक्रम तैयार किये जाने के लिए अधिकृत किया गया था।

II

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के अधिनियम में निर्धारित अनेक दायित्वों में से एक दायित्व भारत से बाहर विभिन्न देशों में सक्रिय हिंदी विद्वानों, विद्वत्समूहों और संस्थानों से शिक्षण और शोध के स्तर पर संबंध निर्माण और उन संबंधों का निर्वाह-विस्तार करना भी है। विश्वविद्यालय ने इस दिशा में उपलब्ध संसाधनों एवं सामर्थ्य के अनुसार बहुत पहले काम करना शुरू कर दिया था। वर्ष 2007-08 से विदेशी विद्यार्थियों के लिए शिक्षण कार्यक्रम भी आरंभ कर दिया गया था। इन पाठ्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय ने अपनी ओर से पाठ्यक्रम भी तैयार करवाया था जिसका यथासमय पुनरीक्षण भी किया गया। इन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी एशिया और यूरोप के अलग-अलग देशों के अलग-अलग विश्वविद्यालयों से आते रहे। इसलिए, विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का स्वरूप जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त लचीला और व्यावहारिक बनाए रखा जाता रहा।

9वें विश्व हिंदी सम्मेलन में विश्वविद्यालय को सौंपे गये इस दायित्व की पूर्ति के लिए 11 से 21 दिसंबर 2012 तक भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के सहयोग से एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का वर्धा में आयोजन किया गया जिसमें दुनिया के विभिन्न देशों के 14 विदेशी हिंदी शिक्षकों/विद्वानों तथा 10 भारतीय हिंदी शिक्षकों/विद्वानों ने भाग लिया –

1. रूपर्ट स्नेल (Rupert Snell)	University of Texas, Austin, USA
2. मारिया न्येगेशी (Maria Negyeei)	Hungary

3.	जुस्त्याना कुरोव्स्का (Justyna Kurowska)	Bonn University
4.	आलेसेंद्रा कोंसोलारो (Alessandra Consolaro)	Italy
5.	इवा द क्लार्क (Eva De Clercq)	Belgium
6.	हर्मन वॉन ओल्फेन (Herman Van Olphen)	Austin, USA
7.	जिनेडी श्लोपर (Genady Shlomper)	Israeli
8.	दानूता स्तारिक (Danuta Starik)	Poland
9.	ली जियोंग हो (Li Jeong Ho)	Hanguk University, Seoul, South Korea
10.	आलेसिया माकूस्क्या (Alesia Makouskya)	Belarush
11.	तातियाना ओरांसकाईया (Tatiana Oranskaia)	Hamburg
12.	निकोला पोसा (Nicola Pozza)	Switzerland
13.	मिकी निशीओका (Miki Nishioka)	Osaka University, Japan
14.	मरीना मरीनोवा (Marina Marinova)	जर्मनी (Germany)
15.	दिविक रमेश	दिल्ली वि.वि. दिल्ली
16.	विमलेश कांति वर्मा	दिल्ली वि.वि.दिल्ली
17.	कृष्ण कुमार गोस्वामी	केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (सेवानिवृत्त)
18.	वी. आर. जगन्नाथन	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली
19.	अश्विनी कुमार श्रीवास्तव	केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (सेवानिवृत्त)
20.	उमाशंकर उपाध्याय	म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा
21.	रामप्रकाश सक्सेना	रा.तु.म.ना.वि. नागपुर
22.	आर.एस.सर्राजु	कें.वि. हैदराबाद
23.	असगर वजाहत	जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली

इस कार्यशाला में हिंदी शिक्षण के लिए द्विभाषी/बहुआयामी मॉडल पुस्तकों के निर्माण पर चर्चा करने के साथ ही चार सप्ताह और 12 सप्ताह के अल्पावधि पाठ्यक्रमों के प्रारूप तैयार कर चर्चा की गयी। भारतीय और विदेशी विद्वानों ने पाठ्यक्रमों की अंतर्वस्तु और पद्धति आदि के संबंध में अपने-अपने मत व्यक्त किये। यूरोपीय विद्वानों ने अपनी प्रतिक्रियाओं में पाठ्यक्रमों को भारतीय विद्वानों के सैद्धांतिक ढाँचे के विपरीत अधिक व्यावहारिक बनाए जाने पर बल दिया। फिर भी, एक कामचलाऊ ढाँचा तैयार किया गया। यह कार्यशाला तत्कालीन प्रतिकुलपति और विदेशी कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. ए. अरविंदाक्षन के संयोजन और तत्कालीन कुलपति श्री विभूति नारायण राय की देखरेख में संपन्न हुई थी। तदुपरांत अपरिहार्य कारणों से यह कार्य स्थगित - सा रहा ।

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24-25 जून 2014 को दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में निम्नलिखित विद्वानों ने भी भाग लिया –

1. प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलपति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा (अध्यक्ष)
2. प्रो. रमेश गौतम, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
3. प्रो. के. एन. तिवारी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
4. प्रो. विमलेश कांति वर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय (सेवानिवृत्त)
5. प्रो. रमेश ऋषिकल्प, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
6. प्रो. देवेंद्र शुक्ल, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

7. प्रो. अनिल जैन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
8. प्रो. अरुण चतुर्वेदी, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (सेवानिवृत्त)
9. प्रो. चतुर्भुज सहाय, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (सेवानिवृत्त)
10. श्रीमती सुनीति शर्मा (उपसचिव- हिंदी, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार)
11. प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ (संयोजक)

इस कार्यशाला में, पिछली कार्यशाला में तैयार किये गये 4 और 12 सप्ताह के पाठ्यक्रमों की समीक्षा की गयी। चार सप्ताह के पाठ्यक्रम में प्राप्त सुझावों के अनुसार उसमें संशोधन और पल्लवन करते हुए उसका अंतिम प्रारूप तैयार किया गया। 12 सप्ताह के पाठ्यक्रम के लिए यह निर्णय किया गया कि उसे प्रस्तावित दो सेमेस्टर के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के पहले सेमेस्टर के पाठ्यक्रम जैसा रखा जाए। 12 सप्ताह का पिछली बैठक में प्रस्तुत पाठ्यक्रम कुछ यूरोपीय विश्वविद्यालयों की जरूरतों के अनुसार था। इसलिए, सुझाव दिया गया कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के साथ जिन विश्वविद्यालयों का अनुबंध है उनके विद्यार्थियों के लिए वह ऐसा स्वतंत्र रूप से संचालित कर सकता है। इस बैठक में दो सेमेस्टर के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के साथ ही एक माह का एक अतिरिक्त आधार पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया जिन्हें देवनागरी लिपि एवं हिंदी भाषा से कोई परिचय नहीं है।

उपर्युक्त बैठक की निरंतरता में 'बी.ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति' तथा 'एम.ए. हिंदी' पाठ्यक्रमों पर विचार के लिए एक अन्य बैठक दिनांक 25-27 अगस्त 2014 तक दिल्ली में पुनः आयोजित की गयी। इस बैठक में निम्नलिखित विद्वानों ने अपना योगदान किया-

1. प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलपति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा (अध्यक्ष)
2. प्रो. चित्तरंजन मिश्र, प्रतिकुलपति,म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
3. प्रो. रमेश गौतम, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
4. प्रो. अरुण चतुर्वेदी, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (सेवानिवृत्त)
5. प्रो. विमलेश कांति वर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय (सेवानिवृत्त)
6. प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ (संयोजक)

विचार-विमर्श के उपरांत, प्रस्तुत प्रारूप में सुझाए गये संशोधन किये गये और अंतिम प्रारूप तैयार किया गया। विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ ने इस कार्य को हाथ में लिया। विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रम तैयार किये गये हैं -

1. अल्पावधि गहन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (04 सप्ताह)
2. आधार पाठ्यक्रम (एक माह - 04 सप्ताह)
3. डिप्लोमा पाठ्यक्रम (02 सेमेस्टर - 01 वर्ष)
4. बी.ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति (06 सेमेस्टर - 03 वर्ष)
5. एम.ए.हिंदी (04 सेमेस्टर - 02 वर्ष)

पहला पाठ्यक्रम विदेशी विश्वविद्यालयों में विभिन्न स्तरों पर हिंदी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु मुख्यतः विदेशी हिंदी विद्वानों के अनुभवों पर आधारित है। इस पाठ्यक्रम का शिक्षण करनेवाले अध्यापकों से अपेक्षा होगी कि वे विद्यार्थियों के स्तरानुकूल सामग्री का चयन करें। यह भी अपेक्षा होगी कि वे भाषा शिक्षण की विभिन्न पद्धतियों में दक्ष हों और आवश्यकतानुसार उनका उपयोग करने में समर्थ हों। डिप्लोमा पाठ्यक्रम का निर्माण वर्धा में संचालित कार्यक्रम के अनुभव तथा अनुभवी विशेषज्ञों के सुझावों पर आधारित है। इस पाठ्यक्रम की सामग्री में अध्यापन का ढाँचा भी सन्निहित है और निर्धारित पाठ्यवस्तु उदाहरण के तौर पर है। संबंधित शिक्षक निर्धारित पाठ्यवस्तु का यथावत् उपयोग कर सकता

है तथा रुचि और जरूरत के अनुसार उसे बेहतर और उपयोगी सामग्री से बदल भी सकता है। शिक्षकों के लिए विभिन्न भाषा-शिक्षण पद्धतियों में दक्षता और आवश्यकतानुरूप उनके उपयोग के लिए तत्परता अपेक्षित है। इन दोनों पाठ्यक्रमों में शिक्षक को संवादी (Interactive) शिक्षण परिवेश निर्मित करना चाहिए और नियमित कक्षाभ्यास पर भी बल अपेक्षित है। डिप्लोमा के पहले सेमेस्टर का पाठ्यक्रम इस तरह तैयार किया गया है कि यदि कोई विद्यार्थी चाहे तो केवल पहले सेमेस्टर की पढ़ाई कर पाठ्यक्रम छोड़ सकता है। आधार पाठ्यक्रम की परिकल्पना डिप्लोमा पाठ्यक्रम के उन विद्यार्थियों के लिए पूरक पाठ्यक्रम के रूप में की गयी है जिन्हें देवनागरी लिपि और हिंदी ध्वनि व्यवस्था का पूर्व परिचय नहीं है। यह एक स्वतंत्र पाठ्यक्रम भी नहीं है। इसे डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ करने के पूर्व आधार तैयारी के लिए अतिरिक्त रूप में चलाया जाना चाहिए।

'बी.ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति' पाठ्यक्रम का निर्माण उन विदेशी विद्यार्थियों को ध्यान में रख कर किया गया है जो हिंदी भाषा का व्यवस्थित अध्ययन करना चाहते हैं। यह पाठ्यक्रम अनुभवी शिक्षकों के सुझावों पर आधारित है तथा भाषा, साहित्य और संस्कृति का समावेश करता है। इस पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु भी लचीली रखी गयी है और संबंधित शिक्षक अपने विवेक के आधार पर उसमें जोड़-घटाव कर सकते हैं।

एम.ए. हिंदी का पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो हिंदी भाषा अथवा साहित्य में उच्चतर अध्ययन और विशेषज्ञता अर्जित करना चाहते हैं। यद्यपि यह पाठ्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालयों के अनुभवों पर आधारित है और काफी कुछ उसी ढाँचे में विन्यस्त है फिर भी संबंधित शिक्षक के लिए पाठों के चयन में पर्याप्त स्वतंत्रता का अवसर दिया गया है। तीन सेमेस्टरों तक साझा और अनिवार्य पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद चौथे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में भाषा और साहित्य के दो विकल्प दिए गये हैं जिससे विद्यार्थी को अपनी रुचि के अनुसार अपनी दिशा तय करने में सुविधा हो। डिप्लोमा, बी.ए. और एम.ए. के पाठ्यक्रम क्रेडिट और मॉडयूल आधारित पाठ्यक्रम हैं। इनका विस्तृत ब्यौरा संबंधित पाठ्यक्रमों के साथ दिया गया है। पाठ्यक्रमों हेतु संदर्भ-ग्रंथ सूची भी तैयार की गयी है। शिक्षण पद्धति एक स्वतंत्र विषय है जिस का विस्तृत निर्देश यहाँ नहीं दिया जा रहा है। संबंधित शिक्षकों से अपेक्षित है कि वे भाषा-शिक्षण की पद्धतियों में प्रशिक्षित हों।

स्मरणीय है कि पाठ्यक्रम निर्माण एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है और इसकी अपनी सीमाएँ भी होती हैं। इस पाठ्यक्रम की भी अनेक सीमाएँ हैं। हम आशा करते हैं कि विदेशी छात्रों के लिए हिंदी शिक्षण की दिशा में यह प्रयास संवाद की सार्थक कोशिश सिद्ध होगी। हिंदी विद्वानों और शुभेच्छुकों से हमारा अनुरोध है कि कि वे इस इस संबंध में अपने सुझाव देकर इसे और अधिक उपयोगी और स्तरीय बनाने में योगदान करें।

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में से डिप्लोमा, बी.ए. और एम.ए. के पाठ्यक्रम मुख्यतः भारतीय विश्वविद्यालयों और जिन विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है उन सबको यथासंभव ध्यान में रखते हुए पर्याप्त लचीलेपन के साथ तैयार किया गया है जिसकी अंतर्वस्तु किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकता के अनुरूप बदली अथवा जोड़ी-घटाई जा सकती है। चार सप्ताह के अल्पावधि पाठ्यक्रम को दिसंबर 2012 की कार्यशाला में सुझाए ढाँचे को स्वीकार कर यथासंभव सहमति के आधार पर तैयार किया गया है। उसे अल्पावधि गहन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के रूप में प्रस्तावित किया गया है। यह कार्यक्रम और डिप्लोमा का पहला सेमेस्टर भाषाई दक्षता को ध्यान में रखकर भाषा-शिक्षण के रूप में रखा गया है। इस समय अनेक देशों में भाषा सिखाने के कार्यक्रमों के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर जैसे स्तरित पाठ्यक्रम प्रचलित हैं। सभी देशों के लिए स्तरित पाठ्यक्रम की सामान्य कसौटियाँ तैयार करना असंभव है। इसलिए ये पाठ्यक्रम उस ढाँचे में तैयार नहीं किये गये हैं। डिप्लोमा, बी.ए. और एम.ए. के पाठ्यक्रमों में ही स्तरित संबंध हैं। चार सप्ताह का अल्पावधि गहन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम पहले से हिंदी सीख रहे विदेशी विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार दक्ष शिक्षकों द्वारा स्तरित रूप में पढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा आवश्यकता आधारित विशिष्ट पाठ्यक्रमों को भी अलग-अलग विश्वविद्यालय अपने स्तर पर तैयार कर संचालित कर सकते हैं। मानक पाठ्यक्रम की संकल्पना को इन पाठ्यक्रमों

के निर्माण के क्रम में साझे हितों के आधार पर तैयार करने की कोशिश की गयी है। इस पाठ्यक्रम को विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा यथावत् स्वीकार किया जा सकता है और यह भी संभव है कि वे इसे केवल संदर्भ के रूप में ग्रहण करें और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार समानांतर पाठ्यक्रम की रचना करें। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की ओर से स्वीकार्य मानक पाठ्यक्रम के रूप में इसे अवश्य देखा जा सकता है। वे विदेशी संस्थान जो महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा से संबद्धता या मान्यता के इच्छुक हों, उनसे इसे यथावत् स्वीकार किये जाने की अपेक्षा अवश्य होगी।

इन पाठ्यक्रमों को तैयार करने में उपर्युक्त बैठकों में सम्मिलित विशेषज्ञों से जो सहायता मिली है, उसके लिए मैं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की ओर से सभी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। इन पाठ्यक्रमों के आरंभिक प्रारूप तैयार करने के लिए चर्चाओं में सम्मिलित सहयोगियों के प्रति भी मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। इनमें प्रो. देवराज, डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, श्री जगदीप सिंह दांगी, डॉ. रवि कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. विधु खरे दास, श्रीमती आराधना सक्सेना, सुश्री निधि गौड़, श्रीनिकेत कुमार मिश्र और डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा सम्मिलित हैं। पाठ्यक्रम की प्रस्तुति में सहयोग हेतु मैं श्री राजेश अरोड़ा, श्री उमाशंकर और श्री प्रदीप उरकुडे के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। श्रीमती सुनीति शर्मा (उपसचिव- हिंदी, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार) ने इस परियोजना में रुचि ली। मैं उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ ।

मैं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति श्री विभूति नारायण राय और वर्तमान कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र का भी आभारी हूँ जिनके सतत उत्प्रेरण और मार्गदर्शन में यह कार्य संपन्न हुआ।

प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल
अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ

अल्पावधि गहन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

पाठ्य-योजना

लक्ष्य :

i. सुनकर बोलने और समझने की क्षमता का विकास।
ii. दैनिक जीवन में भाषा प्रयोग की क्षमता का विकास।
iii. विद्यार्थी की अभिव्यक्ति क्षमता का विकास।
iv. वाक्य निर्माण की क्षमता का विकास।
v. भारतीय संस्कृति के विभिन्न पक्षों की जानकारी।
vi. हिंदी में लिखने की क्षमता का विकास।

अवधि :

इस पाठ्यक्रम की अवधि चार सप्ताह होगी।

क्रेडिट :

इस पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट देय नहीं होगी; केवल प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

शिक्षण अवधि :

इस पाठ्यक्रम के लिए शिक्षण अवधि 90 घंटे होगी। प्रत्येक कालांश 90 मिनट का होगा।

पाठ्यक्रम :

दिन	विषय	व्याकरण	शब्द भंडार
पहला दिन	**(i) परिचय :** * अपना नाम, उम्र * शिक्षा * देश, भाषा * परिवार * अभिरुचि	क. मैं ..... हूँ आप ..... हैं ख. मेरा नाम राम है आपका नाम क्या है ? ग. जी हाँ / जी नहीं घ. मैं का (मेरा) आप+ का (आपका) वह + का (उसका) ड. नहीं - मै सतीश नहीं हूँ जी हाँ – जी हाँ मै अनिता हूँ घ) परिवार में कौन कौन हैं?	नाम, जन्म, उम्र, आयु, शिक्षा, परिवार, देश, कौन-कौन, कौन, क्या **परिवार :** माँ-पिता, भाई-बहन , बेटा –बेटी, पति-पत्नी
	(ii) रिश्तेदार एवं दोस्त * रिश्तेदारों के बारे में बातचीत * दोस्तों के बारे में बातचीत	क) से बड़ा (तुलना) मैं बहन से बड़ा हूँ वह भाई से छोटा है ख) अपना, अपनी, अपने	बड़ा-छोटा, अपना, दोस्त, रिश्तेदार , मामा-मामी , चाचा-चाची नाना-नानी , दादा-दादी मौसा-मौसी, बुआ-फूफा
	(iii) मेरा देश * अपने देश का वर्णन * भाषाएँ , लोग आदि * भारत से तुलना	क) कहाँ से आप कहाँ से हैं ? ख) –क्या आपकी भाषा क्या है?	अच्छा, बुरा, साफ, गंदा **देश :** भारत – भारतीय, चीन – चीनी जापान – जापानी , रूस – रूसी अमरीका – अमरीकी, नेपाल – नेपाली भूटान – भूटानी, पाकिस्तान – पाकिस्तानी

			भाषाएँ : अंग्रेजी, रूसी, जापानी, पंजाबी, मराठी, कश्मीरी, गुजराती
दूसरा दिन	**(i) घर** * घर तथा कमरे का वर्णन * कमरे की चीजों का वर्णन	क. यह/ वह क्या है ? ये/वे क्या हैं ? ख. कहाँ दरवाजा कहाँ है ? ग) क्रि. विशे. आगे–पीछे, ऊपर–नीचे, अगल–बगल, दाएँ –बाएँ यहाँ–वहाँ, सामने	घर, कमरा, दरवाजा, दीवार, खिड़की, रोशनदान, फर्श, छत, बरामदा, आँगन, बैठक, जमीन, बाथरूम, रसोईघर / किचन, मेज, कुर्सी, अलमारी, पलंग, चादर, गद्दा, दरी, तकिया, रजाई, कंबल, पंखा क्या – क्या
	(ii) खाना * भोजन तथा उसमें प्रयुक्त चीजें-मसाले, सब्जियाँ आदि * खाना, पकाना, व अन्य क्रियाएँ	क) + को पसंद है - को पसंद नहीं ख) लिंगभेद पपीता - लीची कमरा - खिड़की छोटा - छोटी	नाश्ता, खाना, दावत, उपवास, शाकाहारी, मांसाहारी, खाना पकाना, उबालना, तलना, भूनना, गर्म करना, ठंडा करना, परोसना, पीसना, कूटना, छीलना, काटना, छानना, जमाना (दही व आइसक्रीम) छौंकना, नाश्ता करना, रोज, कभी-कभी, कभी नहीं क) चपाती, रोटी, पराठा, पूरी, कचौरी, चावल, दाल, सब्जी, चटनी, दही, रायता, अचार, दोसा, सांबर, इडली, पुलाव, बिरयानी, समोसा ख) मांस, मछली, अंडा, झींगा ग) आलू, गोभी, प्याज, टमाटर, मटर, लौकी, शिमला मिर्च, लहसुन, अदरक, पालक, चुकंदर, मूली, धनिया, पुदीना, मिर्च, पत्तागोभी, बैंगन, भिंडी, कद्दू, नींबू घ) अमरूद, अनानास, तरबूज, केला, आम, सेब, संतरा, अंगूर, अनार ड) नमक, मिर्च, चीनी, काली मिर्च, लौंग, जीरा, दालचीनी, गर्म मसाला, धनिया, इलायची च) बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट, पिस्ता, खजूर, अंजीर छ) दूध, दही, चाय, मक्खन, लस्सी, पनीर ज) बर्फी, लड्डू, गुलाब जामुन, जलेबी, रसगुल्ला, हलवा, खीर झ) नमकीन, मीठा, खट्टा, कड़वा, फीका, तीखा
	(iii) <u>खरीदारी</u> * जरूरी सामान खरीदना * दुकान पर बातचीत * मोल भाव करना	क) चाहिए क्या चाहिए? साबुन/ कलम चाहिए ख) ....इए (आज्ञार्थ) दीजिए लीजिए आइए	लाल, हरा, सफेद, काला, महँगा, सस्ता, कम, ज्यादा, दुकानदार, ग्राहक, दुकान, बासी, ताज़ा, रुपया, पैसा, नोट, सिक्का बेचना, खरीदना, लेना, देना, नापना, तौलना
तीसरा दिन	**(i) <u>समय</u>** * समय का बोध- सुबह, शाम, रात * दिन– सोमवार, मंगलवार	क) कब ? ख) कहाँ? यहाँ, वहाँ ग) कैसे? अभी आप कैसे हैं? झ) को घूमना / सोना पसंद है	**समय** – सुबह, शाम, दोपहर, रात, दिन, अँधेरा, उजाला, अभी **दिवस** – सोमवार, मंगलवार, बुधवार... आज, कल, परसों
	(ii) <u>दिनचर्या</u> दैनिक जीवन की विभिन्न क्रियाओं की जानकारी	क) मै.....ता हूँ/ ती हूँ (ते हैं) मैं पढ़ता हूँ ख) को घूमना पसंद है ग) फिर घ) के बाद, बाद में	सोना, जागना, उठना, बैठना, नहाना, धोना, खाना, पीना, देखना, दौड़ना, टहलना, पढ़ना, लिखना, सोचना, पहनना, उतारना, टाँगना, मुँह धोना, बाल काढ़ना, कंघी करना, ब्रश करना, टी.वी. देखना, सुनना
	(iii) <u>पोशाक</u> * मुख्य रंगों का परिचय	क) को | कुर्ता | पसंद है हरा रंग ख) क्या-क्या पसंद है?	**रंग :** काला, सफेद, लाल, हरा, नीला, पीला **पुरुष :** पैंट, कमीज, बुशर्ट, कुर्ता, पाजामा, लुंगी, बनियान,

	* पुरुषों और महिलाओं के वस्त्रों का परिचय		जॉघिया, टोपी, धोती, मोजे, जूते, चप्पल, रुमाल, चश्मा, दस्ताने **स्त्री :** साड़ी, ब्लाउज, सलवार-कुर्ता (सलवार-सूट), लहँगा, चोली, घाघरा, पेटी कोट, शॉल, सैंडिल, चप्पल
चौथा दिन	**(i) <u>रास्ता पूछना</u>** * दिशाएँ * दायाँ-बायाँ इधर-उधर	क) ना चाह (मैं सोना चाहता हूँ) ख) आएगा / मिलेगा (भविष्य) ग) ना पड़ (जाना पड़ा) घ) कितनी ड) कैसे? किधर?	**दिशाएँ** - पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण दाएँ, बाएँ, इधर, उधर, सामने, सीधे, मुड़, पीछे, आगे, नजदीक, करीब, पास, बहुत पास, दूर, बहुत दूर, थोड़ी दूर, यहाँ, वहाँ
	(ii) <u>शरीर के अंग</u> * बाहरी अंगों * अंदरूनी अंगों का परिचय	क) पेट में दर्द है ख) हो रहा है सिर दर्द हो रहा है ग) हो गई उल्टी हो गई	**बाहरी अंग -** सिर, बाल, आँख, कान, नाक, होठ, मुँह, जीभ, दांत, जबड़ा, मसूड़े, गाल, ठोड़ी, गला, गर्दन, छाती, स्तन, कंधे, बाँह, कुहनी, हाथ, हथेली, उंगली, अंगूठा, नाखून, पैर, पीठ, जाँघ, घुटना, एड़ी, पंजा, तलवा, त्वचा, आँसू, रोम, पसीना **आंतरिक अंग -** दिमाग, दिल, फेफड़े, आँते, नस, हड्डी, पेशाब, थूक, खून, टट्टी, पाखाना, मवाद
	(iii) <u>बीमारियाँ</u> * बीमारियों के नाम * डॉक्टर से बातचीत	क) को क्या हुआ? ख) कैसा/ कैसी/ कैसे आपकी तबीयत कैसी है? आप कैसे हैं? ग) आपको खाँसी है?	**बीमारियाँ -** दर्द, सिर में दर्द, मोच, खाँसी, जुकाम, सर्दी, उल्टी, दस्त, तनाव, चेचक, कुष्ठरोग, पीलिया, बुखार, लकवा, खुजली, मरोड़, घमौरी फोड़ा, जी मिचलाना, जलन, चक्कर आना, बेहोशी, गर्भवती, हड्डी टूटना, दवा, दवाखाना, गोली, टिकिया, मलहम, सुई, पट्टी, मरीज, रोगी, स्वस्थ, अस्वस्थ, बीमार, इलाज, सेहत **चिकित्सा पद्धतियाँ -** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, आसन, मालिश, प्राणायाम
पाँचवाँ दिन	**(i) <u>समय पूछना</u>** * पूर्णांक से 20 तक * अपूर्णांक- ¼, ½, ¾, 1¼, 1 ½, 1 ¾, 2 ¼, 2 ½, 2 ¾	क) बजा है कितना बजा है ? वे कितने बजे आएँगे ? ख) र दो बजकर 10 मिनट ग) र्ण भूत आया/गया था वह कब आया था ? घ) , –गी, –गे ङ) – दो बजने में 10 मिनट च) तना समय लगेगा ? कितनी देर लगेगी ?	घड़ी, वक्त, अलार्म, घंटा, मिनट, सेकेंड, पल, डेढ़, ढाई, पौन, साढ़े, दिन, हफ्ता, सप्ताह, महीना, वर्ष, साल
	(ii) <u>ऋतुएँ</u> * ऋतुएँ और उनका समय * जन जीवन पर उसका प्रभाव	क) हा/रही है/रहे हैं बारिश हो रही है ख) सकना	मौसम, जलवायु, मानसून, ठंड, जाड़ा, सर्दी, गर्मी, बरसात, वसंत, पतझड़, बारिश, आसमान, बादल, सूरज, चाँद, तारे, ध्रुवतारा, ओले, बर्फ, गर्म, ठंडा, लू, आँधी, तूफान, कोहरा, धुंध, बिजली, इंद्रधनुष, बाढ़, सूखा, मूसलाधार, बूँदाबाँदी, बूँद, धूप, छाँव, घटा, फूल, पत्तिया, पेड़-पौधे, घास, सूरज चमकना, बिजली चमकना, सूरज

	* सावधानियाँ	बारिश आ सकती है ग) पर पहाड़ों पर धूप है घ) में आसमान में बादल हैं ङ) मारे – मैं गर्मी के मारे परेशान हूँ	छिपना/डूबना/निकलना, अस्त होना, उदय होना, बादल गरजना, ओले पड़ना, बारिश होना, गर्मी/सर्दी पड़ना
	(iii) <u>यातायात</u> * यातायात के साधन * ट्रेन आदि के आने जाने, पहुँचने का समय * अपने देश से तुलना	(क) –वाला/–वाली/–वाले दिल्ली वाली गाड़ी (ख) सवेरे वाली गाड़ी (ग) न छूटने वाली है (घ) रिक्शा वाला (ङ) युक्त क्रिया – ट्रेन चली गई – बस आ गई	गाड़ी, रेलगाड़ी, मालगाड़ी, बस, रिक्शा, ऑटोरिक्शा, ताँगा, सवारी, जहाज, हवाई जहाज, बैलगाड़ी, ऊँट गाड़ी, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, पैदल गाड़ीवान, ताँगेवाला, रिक्शावाला, पहिया, घंटी, हॉर्न, सीटी, झंडी, टिकट, सीट, बोगी, डिब्बा, टिकटघर, रेल फाटक, स्टेशन, बस अड्डा, ताँगा स्टैंड, हवाई अड्डा, एयरपोर्ट, बंदरगाह, सूचना, सड़क गली, पगडंडी, चौराहा, फुटपाथ, मोड़ अगला पिछला, सवारी करना, यात्री, यात्रा, सफर
छठा दिन	**(i) <u>संबंध</u>** ● पारिवारिक संबंध - एकल परिवार - संयुक्त परिवार ● परिवार में परस्पर संबंध	(क) .... ना पड़ा छोटे घर में रहना पड़ा (ख) .... ना - चाहिए एक साथ रहना चाहिए	साथ-साथ, मिलजुल कर, मदद, सहायता, मुसीबत, संकट, जरूरत, अवधारणा, महानगर, गाँव, शहर, शहरी, वातावरण, स्वतंत्र, बंधन, आदर, प्रेम, स्नेह
	(ii) <u>सामाजिक संबंध</u> ● पड़ोसियों से संबंध ● मित्रों/परिजनों से संबंध	(क) आना–जाना खाना–पीना उठना–बैठना (ख) के बिना, के अलावा (ग) लेकिन वह आया लेकिन मैं नहीं मिला	औपचारिक, अनौपचारिक, मुलाकात, सुख-दुख, बीमारी, गमी, समारोह, त्योहार, उत्सव, मुहल्ला, कॉलोनी, गली, इकट्ठे होना
	(iii) <u>समारोह</u> ● धार्मिक ● सांस्कृतिक ● सामाजिक ● साहित्यिक	(क) इसलिए उसने बुलाया था इसलिए मैं गया (ख) क्योंकि मैं नहीं गया क्योंकि बारिश हो रही थी। (ग) धर्म – धार्मिक (-इक) समाज – सामाजिक राजनीति – राजनीतिक परिवार – पारिवारिक साहित्य – साहित्यिक (घ) क्यों?	उत्सव, भाषण, प्रवचन, पत्रक, शामियाना, फूल, माला, मंच, भजन, भक्त, गीत, गायक, वादक, नृत्य, कलाकार, ताली बजाना, प्रशंसा करना, दान, चंदा, विकास कविता, किताब, कहानी, आलोचना, समीक्षा, कविता, पाठ, मुशायरा
	भारत : एक परिचय **(i) <u>भूगोल</u>** ● देश की भौगोलिक स्थिति ● सीमाएँ	(क) के उस पार- नदी के उस पार के ऊपर- पहाड़ के ऊपर के चारों ओर-	जमीन, पठार, पहाड़, रेगिस्तान, झरने, झील, मैदान, जंगल, चट्टान, टीला, गड्ढ़ा, सरोवर, घाटी, संगम, जंगल, समुद्र, नदियाँ, सरहद, पार, संधि, सीमा-रेखा, चारों ओर, दोनों ओर, नक्शा

सातवाँ दिन	• जलवायु • भाषाएँ	जंगल के चारों ओर (ख) मिलना जंगल में जानवर मिलते हैं	
	(ii) <u>भारतीय शासन व समाज</u> • लोकतंत्र • समाज	(क) 'ने' भूतकालिक सकर्मक क्रिया - गांधी ने देश को स्वतंत्र कराया - जनता ने मतदान किया (ख) प्रेरणार्थक करना - कराना देना - दिलाना खाना - खिलाना पढ़ना - पढ़ाना	राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मंत्री, सांसद, विधायक, संसद सदस्य, मुख्यमंत्री, पंचायत, सरपंच, प्रधान, मुखिया, चुनाव, मत, मतदान, बहुमत, गणतंत्र, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि जातियाँ, दलित, आदिवासी, स्त्री-पुरुष
	(iii) <u>राष्ट्रीय पर्व, प्रतीक व महापुरुष</u> • पर्व • प्रतीक • महापुरुष	(क) मनाया जाना होली मनाई जाती है	**पर्व-** गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती **प्रतीक -** राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रचिह्न, राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय फूल, राष्ट्रीय पशु, 26 जनवरी, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर **महापुरुष -** गांधी, सुभाष चंद्र बोस, अंबेडकर, भगतसिंह
आठवाँ दिन	**भारत:एक परिचय** **(i) <u>धर्म</u>** • विभिन्न धर्म • धार्मिक प्रतीक पुस्तक, पूजास्थल	(क) लगना मुझे बौद्ध धर्म अच्छा लगता है। (ख) लगना मुझे लगा कि बारिश हो रही है (ग) लगना वह रोने लगी (घ) जब-तब	हिंदू, इस्लाम, सिख, ईसाई, मुसलमान, बौद्ध, जैन मंदिर, मस्जिद, चर्च, गिरजाघर, गुरुद्वारा पूजा, प्रार्थना, नमाज़, अजान, पुजारी, मौलवी, पादरी, ग्रंथी, साधु, भिक्षु, पुरोहित, पंडित, तिलक, दाढ़ी, चोटी, माला, दान, दक्षिणा, आरती, यज्ञ, आहुति, हवन, प्रसाद, घंटा, मोमबत्ती, दीपक
	(ii) <u>दर्शन</u> • दर्शनों के नाम • विशेषता	(क) ना चाहिए गरीबों पर दया करनी चाहिए दान करना चाहिए (ख) जहाँ-वहाँ (ग) हिंसा-अहिंसा, धर्म-अधर्म, विश्वास-अविश्वास, सत्य-असत्य	हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, सिख दर्शन सेवा, त्याग, अहिंसा, प्रेम, परोपकार, करुणा, सत्य, दया, तप, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष सृष्टि, ईश्वर, अल्लाह, देव, खुदा, प्रकृति, पंच तत्व
	(iii) <u>लोकविश्वास</u> • व्यवहार भेद अलग-अलग आयु व पद के लोगों से अलग-अलग व्यवहार (आप, तुम, तू, वे, वह) • सामाजिक मर्यादा- मेहमान नवाजी, भेंट- देना/लेना, विशिष्ट रीति-रिवाज आदि	(क) wish- ईश्वर आपको खुश रखे आप खुश रहें	प्रणाम, नमस्ते, नमस्कार, सलाम, आदाब, चरण स्पर्श, आशीर्वाद, आशीष, वृद्ध, बूढ़ा, बुढ़िया, युवा, युवती, बालक, बालिका, बच्चा, बच्ची, आदर, सत्कार, स्वागत, उपहार, तिलक, टीका, आरती, अक्षत, रोली, माला, पान,फूल
नवाँ दिन	**बातचीत** **(i) <u>बैंक, पुलिस स्टेशन</u>** * मुद्रा विनियम Currency change * पैसा मँगाना * पैसा भेजना * पैसा निकालना * खाता खोलना * रिपोर्ट लिखना	(क) जब-तब (ख) जो-वह (ग) वाच्य (Voice) मुझे बताया गया रिपोर्ट लिखाई गई (घ) वह-उस यह-इस वे-उन ये-इन	खाता, भुगतान, जमा, पैसा प्रबंधक, थाना, पुलिस चौकी, दरोगा, थानेदार, सिपाही, सीटी, हथकड़ी, अधीक्षक, चोरी, चोर, छीनना, लूटना, पकड़ना, भागना, मँगाना, भेजना, जमा करना, खोलना, निकालना, बंद करना

	(ii) <u>होटल, वेटिंगरूम</u> * कमरे का किराया व अवधि * सफाई, सुरक्षा * वेटिंग रूम में सामान की सुरक्षा	(क) कब तक (ख) जब तक-तब तक (ग) के लिए 5 दिनों के लिए कमरा चाहिए यह चाय आपके लिए (घ) अपूर्ण वर्त (गया है)	कमरा, जगह, किराया, नौकर, सफाई, खाना, पानी, साफ, चादर, तकिया, तौलिया, सामान, सुरक्षा, ताला, चाभी, लॉकर, सामानघर, कुली, बिस्तर, झाड़ू, प्रतीक्षालय, पुरुष, महिला, शौचालय, मूत्रालय
	(iii) <u>हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, टैक्सी</u> * साधन व उसका समय * पहुँचने का समय * किराया	(क) किस (कौन) ट्रेन किस प्लेटफॉर्म से छूटेगी (ख) ने का- जाने का समय सोने का कमरा (ग) के लिए दिल्ली के लिये ट्रेन कहाँ से जाएगी (घ) संकेतार्थ- जाऊँ, जाएँ, जाए आपके लिए चाय लाऊँ	जहाज, ट्रेन, गाड़ी, बस, टैक्सी, समय, वक्त, आगमन, प्रस्थान, टिकट घर, टिकट खिड़की, आरक्षण, टिकट बाबू, वातानुकूलित टू टायर, थ्री टायर, द्वितीय श्रेणी, सुरक्षा जाँच, सुरक्षा पेटी, हवाई पट्टी, परिचारिका, सीढ़ी, चढ़ना, उतरना
दसवाँ दिन	**भ्रमण** **(i) <u>दिल्ली</u>** * परिचय * विशेषताएँ	(क) करना-कराना-करवाना (प्रेरणा) देखना-दिखाना-दिखवाना (ख) दिखाई देना, सुनाई देना	राजधानी, मुगल, अंग्रेज, प्राचीन, बादशाह, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद भवन, किला, सरकारी, कार्यालय, बगीचे, सुंदर सड़कें आधुनिक भवन
	(ii) <u>ताजमहल</u> * इतिहास * निर्माण * विशेषताएँ	(क) इतिहास-ऐतिहासिक (-इक) समाज-सामाजिक राजनीति-राजनीतिक (ख) ने बनवाया (ग) बनाना –बनवाना (घ) ता था दरबार लगता था	ऐतिहासिक, इमारत, महल, किला, मीनार, गढ़, गुंबद, बादशाह, सेना, फौज, सुरक्षा, मस्जिद, फव्वारा, दरबार, बगीचा
	(iii) <u>वाराणसी</u> * तीर्थ स्थल * मंदिर * गंगा	(क) पूजा करना- पूजा करवाना (ख) क्रि. वि जल्दी-जल्दी धीरे-धीरे जोर-जोर से	धार्मिक नगर, धर्म, मंदिर, गंगा, पवित्र नदी, घाट, पूजा, आरती, पुजारी, मूर्ति, घंटा, जल, पंडा, फूल, माला, प्रसाद, टीका, तिलक, देवता, देवी, प्रणाम, आशीर्वाद, गलियाँ, साड़ी, पान, मिठाइयाँ, भक्त, परिक्रमा, परिक्रमा करना, दक्षिणा लेना, आरती करना, घंटा बजाना
ग्यारहवाँ दिन	**प्राणी** **(i) <u>पालतू पशु-पक्षी</u>** * पालतू पशुओं/ पक्षियों की विशेषता * भोजन व देखभाल * स्वभाव	(क) – होता है कुत्ता वफादार होता है (ख) यहाँ-वहाँ यहाँ-वहाँ घूमते रहते हैं (ग) के पास, किनारे, से दूर, के कारण	कुत्ता, बिल्ली, गाय, बकरी, बैल, ऊँट, हाथी, भैंस, सुअर, गधा, घोड़ा, खरगोश, तोता, कबूतर, मुर्गा, बतख, पिंजरा, दड़बा, पालना, दाना, चारा, घास, भूसा, अंडा, दूध, गोबर, वफादार, मेहनती, उपयोगी, सीधा, उड़ना भौंकना, गुर्राना, मिमियाना, हिनहिनाना, चिंघाड़ना, रँभाना, पिल्ला, मेमना, बछड़ा, चूजा, बोझ ढोना, जोतना, अंडे सेना, दूध/अंडे देना, रखवाली करना, सवारी
	(ii) <u>जंगली पशु-पक्षी</u> * जंगली पशु/ पक्षियों की विशेषता * उनका स्वभाव * निवास स्थान	(क) कई, के बराबर, के सामने, के आगे (ख) पड़ बंदर कूद पड़ा तुम पेड़ से गिर पड़ोगे (ग) ने लगा शेर दहाड़ने लगा (घ) डालना शेर ने हिरन को मार डाला	शेर, चीता, तेंदुआ, लकड़बग्घा, भालू, हिरन, भेड़िया, सियार, लोमड़ी, गैंडा, बंदर मोर, उल्लू, गिद्ध, चील, बगुला, गोरैया, कोयल, कौवा, सारस, हंस, चमगादड़, बाज जंगल, माँद, कोटर, घोंसला दहाड़ना, गुर्राना, चीखना, कूकना, कूदना, काँव-काँव, झपटना, काटना, नोंचना, दाँत, पंजे, नाखून, पंख, चोंच, डैने, खतरनाक, भयानक, ताकतवर, चंचल, बुद्धिमान
	(iii) <u>जलचर तथा कीट पतंग</u> * जल के प्राणी	(क) के अंदर, के बिना (ख) – ता रह अजगर हमेशा सोता रहता है।	मछली, मेंढक, कछुआ, मगर, घड़ियाल, घोंघा, केकड़ा अजगर, साँप, बिच्छू, छिपकली, गिरगिट, केंचुआ, चूहा तितली, मक्खी, मधुमक्खी, मच्छर, बरैय्या, चींटा, चींटी

	* विशेषता * कीट-पतंग * स्वभाव व विशेषता		तैरना, छलाँग मारना, उछलना, डंक मारना, फुफकारना, रेंगना, बिल, छत्ता, कीचड़, शहद
तेरहवाँ दिन	**संगीत** **(i) <u>गायन</u>** * शास्त्रीय * सुगम * भजन, गीत * गज़ल, कव्वाली * फिल्मी गीत	(क) – चुक वह कई गीत गा चुका। (ख) – रहा था लता गीत गा रही थी। (ग) प्रेरणार्थक सुनना – सुनाना लिखना – लिखाना गाना – गवाना कुछ सुनाइये	सुनना, सुनाना, गायक, गाना, गुनगुनाना, अलापना, अलाप देना, तान, सुर, स्वर, सुरीला, ताल, लय, गला, कंठ, शास्त्रीय, गायन, भजन, गजल, गीत, फिल्मी गीत, राग, सरगम
	(ii) <u>वादन</u> * वाद्यों के प्रकार * विशेषताएँ	(क) पाना वह गाना नहीं गा पाता मीरा सो नहीं पाई (ख) संयुक्त क्रिया - सुना देना राम ने गाना सुना दिया आप भी गा दीजिए	सितार, सारंगी, सरोद, वायलिन, गिटार, तानपूरा, बैंजो, वीणा ढोलक, तबला, मृदंग, डमरू, ड्रम बाँसुरी, शहनाई, हारमोनियम, साज, तार, वादक, ठेका, बजाना, छेड़ना, फूँकना, मिलाना, संगत करना, ताल देना, सितार/तबला मिलाना (to tune)
	(iii) <u>नृत्य</u> * शैलियाँ * विशेषताएँ	(क) – ने लग वह नाचने लगी (ख) वह - उस उसका नाम क्या है? (ग) – ना पड़ उसको नाचना पड़ा	**<u>शास्त्रीय नृत्य</u>** कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, ओडिसी, मणिपुरी **<u>लोकनृत्य</u>** भांगड़ा, बिहू, गरबा समूह नृत्य, घुँघरू, हाव-भाव, मुद्रा, ताली बजाना, नाचना वह अच्छा नाचती है।
	(i) <u>भारत के राज्य</u> * राज्यों के नाम * लोग तथा विशेषताएँ	क) के बराबर के साथ ख) जहाँ–वहाँ ग) जिधर-उधर	प्रकार , तरह, लोग, जनता, पंजाब, गुजरात, बंगाल, केरल आदि पंजाबी, गुजराती, बंगाली, मलयाली, आप, तंदुरूस्त सुंदर गोरे, साँवले, छोटे, घुंघराले, लंबे बाल, बड़ी आँखे, सिंह, कौल, मीणा, कपूर, शर्मा, गुप्ता, अग्रवाल, सक्सेना, परमार, बाल्मीकि, मोदी, पारिख, ख़ान, पिल्ले, रेड्डी, नागप्पा, अयंगार, मुखर्जी, दास, हजारिका, लोथा आदि
	(ii) <u>छात्र जीवन</u> * स्कूल * कॉलेज * छात्रावास	क) न.....न..... न किताब और न कॉपी मिली न तुम आए न वह ख) शत्रु – शत्रुता मित्र –मित्रता ग) अब अब सब ठीक है	विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, कक्षा, पुस्तकालय, किताबें, कापी, कलम, खेल का मैदान, दोस्त, मित्र, शिक्षक, गुरु, श्याम-पट्ट, घंटा, छुट्टी, मध्यावकाश, प्रार्थना, सजा, गृहकार्य, पढ़ाई, शैतानी, कमरा, मेस, पुराने दोस्त, साथी
	(iii) <u>भारत के लोग</u> * विशेषताएँ * स्वभाव * विदेशियों के प्रति व्यवहार	क) कभी-कभी ख) जब-कभी ग) कभी नहीं घ) कहीं-कहीं ङ) जहाँ-कहीं च) कहीं नहीं	भारतीय, हिंदुस्तान, हिंदुस्तानी, संस्कृति, विचार, स्वभाव, मेहमान, अतिथि, स्वागत, सत्कार, मदद, देखभाल, हमेशा, उत्साह, गर्मजोशी, जोश, खुशी, स्नेह, प्रेम
	संस्कार **(i) <u>जन्म</u>** * जन्म संबंधी * रीतिरिवाज	प्रेरणार्थक क) नहाना – नहलाना खाना – खिलाना पीना – पिलाना	गर्भवती, गर्भ धारण करना, गर्भपात, प्रसव, प्रसव-वेदना, शिशु, जन्म लेना, पैदा होना, दाई, प्रसूति विभाग, बच्चा, छठी, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारंभ, काजल, मालिश, बालरोग, नहलाना

चौदहवाँ दिन	* जन्म से संबंधित बातें	माँ बच्चे को दूध पिलाती है ख) कर्म – क्रिया माँ ने दूध पिलाया माँ ने मिठाई खिलाई ग) पूर्ण भूतकाल गया था, हुआ था	
	(ii) विवाह * विवाह के प्रकार * विवाह प्रक्रिया * विशेषताएँ	क) ---ने अनिल ने लड़की देखी मीरा ने लड़का देखा ख) तटस्थ क्रिया अनिल ने लड़की को देखा मीरा ने लड़के को देखा ग) संज्ञा /विशेषण + हो जाना - विवाह हो गया - बीमार हो गया	वर, वधू, सगाई, गोद भराई, लगन, जन्म कुंडली/जन्मपत्री, राशि, मुहूर्त, बारात, बाराती, घराती, घुड़चढ़ी, दूल्हा, दुल्हन, द्वार-चार, बैंडबाजा, जयमाला, फेरे, पाणिग्रहण, कन्यादान, अग्नि, सिंदूर, बिंदी, माँग, घूँघट, जनवासा, अँगूठी, स्वभाव, विदाई, मंडप, मौर शहबाला, लड़की देखना, लड़का रोकना, फेरे लेना, प्रेम-विवाह, तलाक
	(iii) <u>मृत्यु</u> * मृत्यु का परिवार पर प्रभाव * मृत्यु संबधी संस्कार	क) संयुक्त क्रिया + जाना वह मर गया वे सो गये ख) जीवन – मृत्यु जिंदगी – मौत जीना – मरना हर्ष – शोक	मरना, मृत्यु, मौत, निधन, देहांत, स्वर्गवास, प्राण निकलना, जिंदगी, जीना, शोक, दु:ख, कफन, चिता, अस्थि, श्मशान, मुंडन, श्राद्ध, तेरहवीं, उठावनी आग देना, श्रद्धाजलि देना, शोक मनाना, अस्थिविसर्जन करना, तर्पण करना
पंद्रहवाँ दिन	**(i) <u>बातचीत</u>** * रेस्टोरेंट में * दुकान में फल, सब्जी, कपड़े, जूते आदि	(क) क्या- क्या खाने में क्या-क्या है? (ख) कितने कितने का है? कितने रुपये किलो/मीटर है? कितने पैसे हुए? (ग) क्या भाव/दाम/कीमत है? (घ) किस कंपनी का है? (ङ) बिल लाओ।	दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय, पंजाबी, चाइनीज, भोजन, शाकाहारी, मांसाहारी, सादा पानी, सूखी/रसेदार सब्जी, मसाला, गरमा-गरम रोटयाँ, प्लेट, गिलास, चम्मच, चमचा, कटोरी, डोंगा, दर्जन, थैला, लिफाफा, नया, पुराना, अच्छा, खराब, गहरा लाल, हल्का नीला, मजबूत, ऊनी, सूती, रेशमी, कपड़ा, चमड़ा
	(ii) <u>समाचार-पत्रों के समाचारों पर चर्चा</u> * राजनीति * अपराध * दुर्घटना * खेल * अन्य	(क) संयु. क्रिया- मार डालना, लूट लेना (ख) हत्या- हत्यारा, लूट-लूटेरा (ग) विलोम - सख्त- मुलायम गुलाम – गुलामी आजाद – आजादी लापरवाही – लापरवाही सावधान – सावधानी बेरोजगार – बेरोजगारी समर्थन – विरोध (ग) क्या भाव/दाम/कीमत है? (घ) किस कंपनी का है? (ङ) बिल लाओ।	हिंसा, चोरी, डाका, लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार, खून-चोर, चाक, पिस्तौल, बंदूक, पुलिस, अधिकारी, कानून, नियम, चालान, मारपीट, गोली, सावधानी, सुरक्षा, पूछताछ, जाँच, सख्ती, न्यायालय, वकील, अशिक्षा, बेरोजगारी, अंधविश्वास, धर्म, नेता, दल, राजनीति, विरोध, आरोप, आरोपी, हड़ताल, भाषण, भीषण, भयानक, टक्कर, मैच, पदक, आयोजन, घायल, जख्म, जीतना, हारना, छीनना, लूटना, चोरी करना, हत्या करना, डाका डालना, गोली, चाकू मारना, गोली से उड़ाना
	(iii) <u>सामयिक समस्याओं पर चर्चा</u> * आतंकवाद	(क) आतंकवाद – आतंकवादी गांधीवाद – गांधीवादी समाजवाद –समाजवादी	आतंक, आतंकवाद, आतंकवादी, विस्फोट, साजिश, षडयंत्र, अणुबम, परमाणुबम, शस्त्र, हथियार, रॉकेट, सेना, वासुसेना, लड़ाकू विमान, समझौता, संधि, बैठक, सम्मेलन, शांति वार्ता, बमबारी,

	* अंतरराष्ट्रीय संबंध * आणविक हथियार	पूंजीवाद – पूंजीवादी (ख) समानार्थी मदद – सहायता इज्जत – आदर दोस्त – मित्र दुश्मन – शत्रु आजादी – स्वतंत्रता	विश्वयुद्ध, बम फोड़ना/फेंकना, बम से उड़ाना
सौलहवाँ दिन	**मनोरंजन** **(i) <u>त्योहार</u>** * त्योहारों के प्रकार * त्योहारों का महत्व * विशेषताएँ	(क) कर्मवाच्य) त्योहार मनाए जाते हैं। होली मनाई जाती है। (ख) आग्रह) कि मैं चाहता हूँ कि आप यहाँ आएँ (ग) वह आया कि नहीं	त्योहार, पर्व, उत्सव, होली, दीवाली (दीपावली) ईद, क्रिसमस, बैसाखी, खुशी, सफाई, खरीदारी, रंग, गुलाल, गुझिया, भांग, रोशनी, प्रकार, दिए, झालर, पटाखे, फुलझड़ी, मिठाई, जुआ, सेवइयाँ, नमाज़, टोपी, मस्जिद, मंदिर, गिरजाघर, गुरुद्वारा, केक, मोमबत्ती, प्रार्थना, घंटा, ईद का चाँद, ईदी, भांगड़ा, नई फसल, पगड़ी, गले मिलना, होली खेलना, पटाखे चलाना, नमाज़ पढ़ना
	(ii) <u>सिनेमा</u> * सिनेमा का प्रभाव * महत्व * आकर्षण	(क) ता हुआ, (कृदंत) ती हुई/ते हुए बहता हुआ पानी साफ होता है। नाचती हुई लड़की गिर गई (ख) नाचते – नाचते वह नाचते – नाचते थक गया (ग) नायक – नायिका गायक – गायिका	फिल्म, नायक, नायिका, अभिनेता, अभिनेत्री, गायक, गायिका, निर्देशक, निर्माता, गीतकार, कैमरामैन, संगीतकार, खलनायक, हास्य, कलाकार, संवाद, सितारे, रोमांचक, हल्की-फुल्की, पुरस्कार, डरावना
	(iii) <u>क्रिकेट</u> * खेलों के प्रकार व महत्व * क्रिकेट की लोकप्रियता	(क) ते हुए उसने दौड़ते हुए गेंद फेंकी (ख) दौड़ते –दौड़ते दौड़ते–दौड़ते उसको खाँसी आ गई (ग) गेंदबाज – गेंदबाजी बल्लेबाज – बल्लेबाजी निशानेबाज –निशानेबाजी	खेल, व्यायाम, स्वास्थ्य, खिलाड़ी, मैदान, लोकप्रिय, टेनिस, हॉकी, फुटबॉल, बालीवॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, गेंद, बल्ला, गिल्ली, विकेट, गेंदबाज, बल्लेबाज, विकेट कीपर, क्षेत्ररक्षक, पगबाधा, फिरकी, तेज गेंदबाज, उछाल, दस्ताने, चौका, छक्का गेंद फेंकना, गेंदबाजी करना, बल्लेबाजी करना, कैच लेना, आउट करना, रन बनाना, फील्डिंग करना, बैटिंग करना, बॉलिंग करना
सत्रहवाँ दिन	**(i) <u>व्यवसाय</u>** * व्यापार * नौकरी–दफ्तर * शिक्षक	(क) न, मत, नहीं, आप न जाइए बैंक तुम मत जाओ वह नहीं जाएगा (ख) क्योंकि–इसलिये क्योंकि वह बीमार है इसलिए सो रहा है (ग) वह सो रहा है क्योंकि बीमार है।	व्यापार, दुकान, माल, खरीदना, बेचना, लाभ, मुनाफा, फ़ायदा, नुकसान, हानि, रोजगार, साख, लागत, उधार, बकाया, कार्यालय, दफ्तर, कर्मचारी, अधिकारी, चपरासी, लिपिक, बाबू, आवेदन, छुट्टी, अवकाश, वेतन, आय, प्रबंधक, नकद, खाता, ऋण, जमा करना, भुगतान, पर्ची, ब्याज, खाता खोलना, बंद करना, कक्षा, अध्यापन, शिक्षण, पढ़ाना, छात्र, अनुशासन, पाठ, पुस्तक, गृह कार्य
	(ii) <u>रुचियाँ</u>	(क) लगभग, करीब,	कला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत कला, लोक कला, मूर्ति, चित्र,

	* कला * भ्रमण * पढ़ना, सोना, खेलना आदि	वहाँ लगभग 10 मूर्तियाँ है (ख) के बिना हम पानी के बिना मर जाएंगे।	पर्यटन, घूमना, गाना, बजाना, कविता, कहानी, खेलना, किताब, लिखना, शौक, तैरना, टिकट संग्रह, सिक्के जमा करना, चित्र / मूर्ति बनाना
	(iii) <u>सप्ताहांत</u> (Weekend) *कार्य दिवस की थकान *सप्ताहांत का इंतजार	(क) भर – दिनभर रातभर (ख) हर – हर रोज हर महीने (ग) दिन – दैनिक सप्ताह – साप्ताहिक मास – मासिक वर्ष – वार्षिक	थकान, व्यस्त, सप्ताह, हफ्ता, महीना, माह, वर्ष, साल, दिनभर, रातभर, हर हफ्ते, हर साल, जरुरी, छुट्टी मनाना, आराम करना, सोना, घूमना, फिल्म देखना, पिकनिक मनाना, थकना, काम करना
अठारवाँ दिन	**सैर** **(i) <u>बगीचे में</u>** * फूलों के नाम * पेड़ों के नाम * विशेषताएँ	(क) ज्यों ही -त्यों ही ज्यों ही हम बाहर आए त्यों ही पानी बरसने लगा। (ख) सींचना–सिंचाई काटना–कटाई पढ़ना–पढ़ाई लिखना–लिखाई देखना–दिखाई लड़ना – लड़ाई (ग) ज्यों ज्यों – त्यों त्यों	बगीचा, उद्यान, पेड़, पौधे, घास, गुलाब, गेंदा, चमेली, सूरजमुखी, डहेलिया, लिली, चंपा, कमल, नीम, पीपल, बरगद, यूकिलिप्टस, ताड़, पाम, आम, जामुन, नारियल, कोंपल, हरियाली, तितली, मधुमक्खी, शहद, खाद, सिंचाई, कटाई, छँटाई, तोड़ना, खोदना, जोतना, बोना, सींचना, फूल खिलना, मुरझाना
	(ii) <u>नदी किनारे</u> * नदी किनारे का वर्णन * लोगों की गतिविधियाँ	(क) बच्चा गिरते ही रोने लगा। (ख) बहना – बहाव फैलना – फैलाव (ग) सूर्य+उदय = सूर्योदय सूर्य+अस्त = सूर्यास्त	नदी, बहना, लहर, किनारा, तट, बालू, घरौंदा, बहाव, सूर्योदय, सूर्यास्त, चिड़िया, मछली, कचरा, ठंडा, सुहावना, वातावरण, शांत, पुल, डूबना, तैरना, कूदना
	(iii) <u>पहाड़ों पर</u> * यात्रा वर्णन * प्राकृतिक दृश्य * पहाड़ों का जीवन	(क) (भाव वाच्य) मुझसे चला नहीं जाता रीता से पहाड़ पर चढ़ा नहीं गया (ख) ऊँचा – ऊँचाई गहरा –गहराई चौड़ा – चौड़ाई लंबा – लंबाई	पहाड़, पर्वत, पहाड़ी, बर्फ, चढ़ाई, ढाल, जंगल, जानवर, पक्षी, ऊँचा, नीचा, ऊँचाई, घाटी, चिड़िया, चढ़ना, उतरना, फिसलना, गिरना, लुढ़कना, सुस्ताना, रुकना, ठहरना
उन्नीसवाँ दिन	**(i) <u>दोस्तों के साथ एक शाम</u>** * भारत कैसा लगा * भारत के लोग * समस्याएँ	(क) एक – अनेक आदर – अनादर पढ़ा – अनपढ़ (ख) संयुक्त क्रिया लेना/देना – खरीद लेना – खरीद देना	बहुभाषा, रंग-बिरंगा, अनेकता, एकता, भाईचारा, प्रेम, विश्वास, आदर, बेरोजगारी, अशिक्षा, जनसंख्या, अपराध, व्यवस्था, पानी, बिजली, सफाई, सड़क, प्यार, नफ़रत, गुस्सा, दुश्मनी, दोस्ती, दुश्मन, दोस्त
	(ii) कक्षा में चर्चा * संयुक्त परिवार * अशिक्षा * बेरोजगारी * प्रदूषण	(क) विशे. – संज्ञा गुलाम – गुलामी आजाद – आजादी लापरवाही – लापरवाही सावधान – सावधानी (ख) विलोम शिक्षा – अशिक्षा धर्म – अधर्म	संयुक्त, एकल, आजादी, स्वतंत्रता, बंधन, आदर, सम्मान, स्नेह, प्रेम, प्यार, देखभाल, मदद, सहायता, सुरक्षा, विश्वास, शिक्षा, शिक्षक, रोजगार, धुआँ, गंदगी, शोर, ध्वनि, वायु, जल, प्रदूषण, यातायात

		सुरक्षा – असुरक्षा सम्मान – असम्मान	
	(iii) <u>कहानी, घटना</u> * सुनना * सुनाना * चर्चा	(क) – था एक राजा था बीना बीमार थी (ख) घटना – दुर्घटना भाग्य – दुर्भाग्य दशा – दुर्दशा गुण – दुर्गुण	कहानी, लघु कथा, घटना, दुर्घटना, याद, दिमाग, दिल, प्रभाव, असर, बात, कहना, सोचना, भूलना, याद करना, सुनना, सुनाना
बीसवाँ दिन	**(i) <u>फिल्म</u>** * हिंदी फिल्में * हिंदी फिल्मों की विशेषताएँ * देखी फिल्म पर चर्चा * नई-पुरानी फिल्में	(क) भूत का. कृदंत- देखी हुई फिल्म टूटा हुआ गिलास (ख) पहला, दूसरा, तीसरा पहली फिल्म दूसरा आदमी	फिल्म, सिनेमा, कहानी, संगीत, निर्देशन, नृत्य, मारपीट, संवाद, पटकथा, संपादन, भाषा, दृश्य, फोटोग्राफी
	(ii) हिंदी गीत * फिल्मी गीतों का महत्व * जरूरत * नए-पुराने गीतों में अंतर * गीतों की भाषा * गीत समझना	(क) – वाला – गाने वाला आदमी – सुनने वाले लोग (ख) सुर – सुरीला रंग – रंगीला नशा – नशीला	गीत, संगीत, गीतकार, शब्द, भाव, भाषा, पंजाबी, अंग्रेजी, गायक, गायिका, स्वर, धुन, सुर, ऑरकेस्ट्रा, समझना
	(iii) मुहावरे व लोकोक्तियाँ		(1) अंधे की लकड़ी (2) आँखों का तारा (3) एक पंथ दो काज (4) खून पसीना एक करना (5) श्री गणेश करना (6) रास्ता देखना (7) नौ दो ग्यारह होना (8) ईद का चाँद होना (9) ऊँट के मुँह में जीरा (10) जिसकी लाठी उसकी भैंस (11) अंधों में काना राजा (12) आम के आम गुठलियों के दाम

परिशिष्ट

क्रम	विषय	शिक्षण बिंदु
1	(i) परिचय (ii) रिश्तेदार (iii) मेरा देश	मैं – हूँ, आप – हैं, मेरा/आप का नाम है, मेरा/आपका नाम- है। जी हाँ, जी नहीं, कौन, क्या, अपना से बड़ा, कहाँ से
2	(i) घर (ii) भोजन (iii) खरीदारी	यह/वह – है, ये/वे – हैं, को पसंद है, चाहिये, आज्ञार्थ, (आइये) आगे, पीछे, ऊपर, नीचे, यहाँ, वहाँ, जाएं, बाएं
3	(i) समय (ii) दिनचर्या (iii) पोशाक	को/ना पसंद है (राम को खेलना पसंद है) ता हूँ/-ती हूँ/-ते हैं (मैं खाता हूँ) कब, कहाँ, कैसे, क्या-क्या, अभी, फिर, के बाद, बाद में (विशे.) रंगों के नाम
4.	(i) रास्ता पूछना (ii) शरीर के अंग (iii) बीमारियाँ	ना चाह (मैं जाना चाहता हूँ) – ना पड़ (मुझको जाना पड़ा) - ना है (मुझको जाना है) को- है (मुझको खाँसी है) को हुआ है/हो गया है/हो रहा है कितना, किधर, कैसा/कैसी/कैसे, में
5.	(i) समय पूछना (ii) ऋतुएँ (iii) यातायात	– कर (दो बजकर 10 मि.) बजा, बजे, बजने में पूर्ण भूत- (आया था), भूत (आया), रहा/रही है/रहे हैं –लगना (समय लगेगा), वाला, ने वाला (वह जाने वाला है), सकना, पर, के मारे, के कारण
6.	संबंध (i) संबंध पारिवारिक (ii) सामाजिक (iii) समारोह	ना पड़, ना चाह, के बिना, के अलावा, लेकिन, क्यों, क्योंकि, इसलिए, -इक (धार्मिक...)
7.	भारत एक परिचय (i) भूगोल (ii) शासन व समाज (iii) राष्ट्रीय, पर्व, प्रतीक	ने (राम ने खाया), प्रेरणा. (देना-दिलाना) कर्मवाच्य (मनाया जाता है)
8.	भारत एक परिचय (i) धर्म (ii) दर्शन (iii) लोकविश्वास	लग (मुझको लगा, अच्छा लगना, वह रोने लगा) – ना चाहिए (मुझको जाना चाहिए) – wish (आप खुश रहें), जब-तब, जहाँ-तहाँ, विलोम (हिंसा-अहिंसा, धर्म-अधर्म)
9.	बातचीत (i) बैंक-पुलिस स्टेशन (ii) होटल वेटिंगरुम (iii) हवाई अड्डा, रेल्वे स्टेशन, टैक्सी आदि	अपू. वर्त. (गया है), संकेतार्थ (जाऊँ, जाएं), वाच्य, सर्व. तिर्यक (उस, किस, जिस) जो-वह, जब तक- तब–तक, कब तक, ने का (जाने का समय) के लिए
10.	भ्रमण – (i) दिल्ली (ii) ताजमहल (iii) वाराणसी	मिश्र-क्रिया (दिखाई देना), प्रेरणा. (करना-कराना) द्वि. प्रेरणा–(बनवाना) – ता था (रोज जाता था) जल्दी- जल्दी, धीरे-धीरे, जोर-जोर से, धीरे से, इक (ऐतिहासिक, धार्मिक)
11.	प्राणी (i) पालतू (ii) जंगली (iii) जलचर व कीट-पतंक	ने लग (रोने लगा), - पड़ (कूद पड़ना), के पास, के बराबर, के सामने, के अंदर, के बाहर, के बिना, से दूर, कई, यहाँ, वहाँ
12.	संगीत (i) गायन	(सं. क्रिया- चुक (गा चुका), -सक (गा सकता है), -देना (सुना देना), - पाना (नहीं सो पाया), - ने लगा

	(ii) वादन (iii) नृत्य	(गाने लगा), - ना पड़ (गाना पड़ा), आज्ञा (सुनाइए, सुनाओ), (गा) रहा था
13.	(i) भारत के राज्य (ii) भारत के लोग (iii) छात्र जीवन	न-न, जहाँ-जहाँ, जिधर-जिधर, कहीं-कहीं, जहाँ कहीं, कहीं नहीं, जब-जब, जब कभी, कभी नहीं, अब, के साथ, के बराबर, भाव. वा. संज्ञा, (एक-एकता)
14.	संस्कार (i) जन्म (ii) विवाह (iii) मृत्यु	पूर्ण भूत काल (गया था), प्रे. क्रि. (नहलाना), अन्विति- (चाय पिलाई, दूध पिलाया), तटस्थ क्रि. (मैंने दिल्ली को देखा) संज्ञा/विशे. + क्रि. (विवाह/बीमार हो गया) संयु. क्रिया (मर जाना) विलोम (जीवन मृत्यु)
15.	(i) बातचीत (ii) समाचारों पर चर्चा (iii) सामयिक समस्याएं	संयु. क्रि. (-डालना- लेना) क्या- कया, किस, कितने का है? क्या भाव है? सं.- विशे. (गांधीवाद-गांधीवादी) समानार्थी (मदद-सहायता) विलोम (गुलामी-आजादी)
16.	मनोरंजन (i) त्योहार (ii) सिनेमा (iii) क्रिकेट	कृदंत (रोता हुआ) रोते-रोते/रोते हुए, आग्रह(आप आएं), कर्मवाच्य (मनाया जाता है), कि (वह आया कि नहीं) लिंग गायक-गायिका) भाव. वा. संज्ञा (गेंदबाज-गेंदबाजी)
17.	(i) व्यवसाय (ii) रुचियाँ (iii) सप्ताहांत	क्योंकि- इसलिए, न, मत, नहीं, लगभग, के बिना, दिन भर, हर दिन, हमेशा, -इक (दैनिक, मासिक)
18.	सैर (i) बगीचा (ii) नदी किनारे (iii) पहाड़ों पर	भाव वाच्य (मुझसे चला नहीं जाता), - ते ही (वह आते ही बोला), ज्यों – ज्यों, - त्यों त्यों, ज्योंही, क्रिया-संज्ञा (सींचना-सिंचाई, बहना-बहाव) विशे.- संज्ञा (ऊँचा-ऊँचाई)
19.	चर्चा (i) दोस्तों का साथ (ii) कक्षा में (iii) घटना, कहानी	संयु.-क्रि.(पढ़ लेना, पढ़ देना), संज्ञा-विशे. (हत्या-हत्यारा), विलोम (एक-अनेक)
20.	चर्चा (i) फिल्म (ii) हिंदी गीत (iii) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ	भूत-का-कृदंत (देखी हुई), क्रम वा. विशे. (पहला, दूसरा), ने वाला (गानेवाला, टैक्सी वाला), संज्ञा-विशे. (रंग-रंगीला)

आधार पाठ्यक्रम

पाठ्य-योजना

लक्ष्य : *यह पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए है जिनका हिंदी से कोई परिचय नहीं है। यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए आधार पाठ्यक्रम है जिसे पूरा करने के बाद वे डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।*

अवधि : *इस पाठ्यक्रम की अवधि चार सप्ताह/एक माह होगी।*

क्रेडिट : *इस पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट देय नहीं होगी; केवल प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।*

शिक्षण अवधि : *इस पाठ्यक्रम के लिए शिक्षण अवधि 60 घंटे होगी। प्रत्येक कालांश 60 मिनट का होगा।*

1. उच्चारण और लेखन अभ्यास

1. वर्णमाला

1.1 स्वर और उनकी मात्राएँ

अ – Ø, आ – ा, इ – ि, ई – ी,

उ– ु, ऊ– ू, ऋ– ृ,

ए – े, ऐ – ै, औ – ो, औ – ौ

1.2 व्यंजन

क	ख	ग	घ	ङ		
च	छ	ज	झ	ञ		
ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़	ढ़
त	थ	द	ध	न		
प	फ	ब	भ	म		
य	र	ल	व			
श	ष	स	ह			

1.3 व्यंजन वर्ण और उनके संयुक्त रूप

क्–क, ख्–ख, ग्–ग, घ्–घ, ङ्–ङ

च्–च, छ्–छ, ज्–ज, झ्–झ, ञ्–ञ

ट्–ट, ठ्–ठ, ड्–ड, ढ्–ढ, ण्–ण

त्–त, थ्–थ, द्–द, ध्–ध, न्–न

प्–प, फ्–फ, ब्–ब, भ्–भ, म्–म

य्–य र्, ्र, र्, ृ, –र, ल्–ल, व्–व

श्–श, ष्–ष, स्–स, ह्–ह

1.4 संयुक्त व्यंजन : क्ष, त्र, ज्ञ

1.5 विदेशी स्वर / व्यंजन : ऑ – ॅ, ख़ – ख़, ज़ – ज़, फ़ – फ़

1.6 विशेष चिह्न : अनुस्वार (ं), अनुनासिक (ँ), विसर्ग (ः), हलचिह्न (्)

1.7 अंक

०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	छह	सात	आठ	नौ	दस
शून्य	पहला	दूसरा	तीसरा	चौथा	पांचवा	छठा	सातवां	आठवां	नौवा	दसवां

1.8 अपूर्ण अंक

1/4	चौथाई	1/2	आधा	3/4	पौन
$1^{1/4}$	सवा	$1^{1/2}$	डेढ़	$1^{3/4}$	पौने दो
